>

Title: Regarding problems of stray animal in Fatehgarh Sahib Parliamentary Constituency of Punjab.

DR. AMAR SINGH (FATEHGARH SAHIB): Hon. Speaker Sir, I thank you for introducing me to the House.

सर, मैं आज अपने संसदीय क्षेत्र फतेहगढ़ साहिब और पंजाब या सारा हिन्दुस्तान ही कह लीजिए, एक समस्या धीरे-धीरे बहुत ज्यादा विकराल हो रही है, उसे मैं केन्द्र सरकार के सामने रखना चाहता हूँ । आज लावारिस पशुओं और जानवरों की समस्या बहुत बढ़ गई है । मेरे संसदीय क्षेत्र में जो जमींदार किसान हैं, उन्होंने इलेक्शन के समय मुझसे वायदा लिया था कि मैं इसका कोई न कोई हल कराऊँगा, क्योंकि उनकी फसलों को नुकसान बहुत हो रहा है । सड़कों पर एक्सीडेंट बहुत हो रहे हैं । खास कर रात को मोटर साइकिल वाले या दूसरे बहुत सारे नौजवान मर रहे हैं ।

सर, यह समस्या मेरे संसदीय क्षेत्र, पंजाब और सारे हिन्दुस्तान के लिए बहुत बड़ी है । हमने पंचायतों, नगरपालिकाओं को कहा है कि छोटा-मोटा टैक्स लगा कर व्यवस्था कर लो । कुछ गौशालाएँ भी बनी हैं, कुछ पशु घर बने हुए हैं, कुछ शेल्टर होम्स बने हैं, मतलब व्यवस्था थोड़ी बहुत है, लेकिन उनके पास न तो उतने साधन हैं, न प्रबंध हैं, न पैसे हैं, न टेक्नीकल मैनपावर है । थोड़ा बहुत जितना हो जाता है, उतना कर लेते हैं । अपने यहाँ तो बहुत बढ़िया संस्कृति है, इतिहास में लिखा है, पुरानी किताबों में लिखा है कि इंसान और पशु सब को साथ रहना है । हम बहुत सारे जानवरों, पशुओं की पूजा करते हैं । मैं केन्द्र सरकार से निवेदन करना चाहता हूँ कि एक सेंट्रल स्कीम बना कर इस समस्या को हल किया जाए ताकि मेरे इलाके एवं पंजाब के सारे किसानों को राहत मिले और ये एक्सीडेंट्स कम हो सकें । धन्यवाद ।